# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र दो हजार पचीस छब्बीस से गन्ना मूल्य में तीस रुपये प्रति कुंतल की दर से वृद्धि का फैसला लिया है। एक रिपोर्ट–

**गन्ना मूल्य वृद्धि के फैसले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इस निर्णय से गन्ना कृषकों को लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा है कि गन्ना कृषकों के श्रम का सम्मान सुशासन का सच्चा स्वरूप है। इसी भाव के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य वृद्धि का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य चार सौ रुपये प्रति कुंतल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य तीन सौ नब्बे रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना किसान प्रदेश की समृद्धि के आधार स्तंभ हैं। ऐसे में यह निर्णय लाखों गन्ना किसानों के जीवन में नई उम्मीद, नई ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की मिठास घोलेगा। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन–एसआईआर की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया और आयोग के दिशा–निर्देशों से अवगत कराएं।

इस बीच, प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसआईआर के लिए अट्ठाइस अक्टूबर से तीन नवम्बर तक तैयारी, प्रशिक्षण और प्रपत्र मुद्रण प्रस्तावित है। इसके बाद चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और उसे भरवा कर वापस लेंगे। इसी क्रम में नौ दिसम्बर को आलेख्य मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। आयोग के अनुसार लोगों से दावे और आपत्तियाँ नौ दिसम्बर से आठ जनवरी दो हजार छब्बीस तक प्राप्त की जाएँगी तथा इनका निस्तारण इकतीस जनवरी तक पूरा होगा। अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी दो हजार छब्बीस को प्रकाशित होगी।

**********

अयोध्या की पौराणिक चौदह कोसी परिक्रमा कल तड़के चार बज कर इक्यावन मिनट से शुरू होगी। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बीच, वहां श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए परिक्रमा क्षेत्र को पांच जोन और बत्तीस सेक्टर्स में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

**********

छठ पर्व के बाद वाराणसी में गंगा घाटों की सफाई के लिए आज विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत नगर निगम वाराणसी और नमामि गंगे ने दशाश्वमेध, प्रयाग और राजेंद्र प्रसाद घाटों पर सफाई की। साथ ही लोगों से गंगा घाटों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील भी की गई।

**********

केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन की मौजूदगी में इस वर्ष का 'आकाशवाणी सरदार पटेल स्मृति' व्याख्यान दे रहे हैं। व्याख्यान की रिकॉर्डिंग इकतीस अक्तूबर को सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित की जाएगी।

**********

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाइस सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। जीएसटी की कम दरों से पर्यटन क्षेत्र में नागरिकों को मिल रहे लाभों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सात हजार पांच सौ रुपये प्रति रात्रि से कम किराए वाले होटल पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जिससे आवास अधिक सुलभ हो गया है इस कदम से सप्ताहांत यात्रा, तीर्थ यात्रा सर्किट विरासत पर्यटन और पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा, इस कदम में होटल और होमस्टे में निवेश को प्रोत्साहित किया है, जिससे रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। इस बीच, दस से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाली बसों पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इसे सार्वजनिक परिवहन लागत कम हुई है, इन सुधारो का उद्देश्य घरेलू और विदेशी पर्यटकों के प्रवाह को बढ़ावा देने के साथ–साथ सतत पर्यटन विकास को बल देना है। समर्थ के साथ, शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

चक्रवाती तूफान मोंथा और अन्य भूभौतिकीय परिस्थितियों के कारण प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों के दौरान हल्की से लेकर मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कल और इकतीस अक्टूबर को प्रदेश के पूर्वी संभाग में कहीं कहीं भारी बारिश, बिजली गिरने और झोंकेदार हवा चलने की भी आशंका है। इस बीच, गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों से बूंदाबांदी की भी सूचना है।

**********